ऑनलाइन भूलेख वर्जन 2.0 लॉन्च

दिनांक 29/8/2016 को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) कार्यालय से मंडल आयुक्त सुभाष चंद शर्मा द्वारा जिलाधिकारी विजयेन्द्र के पांडियन की उपस्थिति में कासगंज तहसील के भूलेख सॉफ्टवेयर वर्जन 2.0 वेब बेस्ड टेक्नोलॉजी (upbhulekh.gov.in) का उद्घाटन किया गया |

मंडल आयुक्त सुभाष चंद शर्मा ने NIC द्वारा निर्मित भूलेख ऑनलाइन सॉफ्टवेयर की प्रशंसा की और कहा कि इससे जन सामान्य एवं सरकारी तंत्र को काफी सहूलियत होगी |

इस अवसर पर मण्डल आयुक्त सुभाष चंद शर्मा ने ऑनलाइन भूलेख से पहली खतौनी नक़ल वितरित कर इस सिस्टम का शुभारम्भ किया |

जिलाधिकारी के0 विजयेन्द्र पांडियन ने कहा कि कासगंज तहसील जनपद की प्रथम ऑनलाइन तहसील बन गयी है तथा जनता को सहूलियत देने की दृस्तिगत एक सप्ताह में पटियाली एवं सहावर तहसील भी ऑनलाइन करा दी जाएगी तथा तहसील वासियों को अब कासगंज तहसील से सम्बंधित खातौनियाँ डिजिटल हस्ताक्षरित मिलेंगी तथा तहसील में अपडेटेड खतौनी-नक़ल पब्लिक डोमेन में तुरंत ही दिखाई देगी | ऑनलाइन तहसील से नक़ल प्राप्त करने हेतु अब लोगों को तहसीलों में आने की भी जरूरत नहीं है इसके लिए जन सेवा केंद्रों/ लोकवाणी केन्द्रों से डिजिटल हस्ताक्षरित नक़ल दी जा सकती है, जिससे तहसील परिसर में खतौनी सम्बंधित लोड कम होगा |

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी समीर राजन ने बताया कि ऑनलाइन भूलेख सॉफ्टवेयर भारत सरकार के मेघराज क्लाउड में होस्ट किया गया है | जिससे ये काफी गति से कार्य करेगा | ऑनलाइन भूलेख सॉफ्टवेयर upbhulekh.gov.in द्वारा एक्सेस होगा | खतौनी नक़ल में QR कोड भी लगाया गया है जिसे शंका की दशा में मोबाइल फ़ोन द्वारा रीड किया जा सकता है और इसकी प्रमाणिकता की पुष्टि की जा सकती है | ऑनलाइन होने की वजह से अब बैंकों एवं अन्य संस्थाओं को अपडेटेड खाते की नक़ल को तुरंत चेक किया जा सकेगा अब इसमें बिलकुल भी विलम्ब नहीं होगा | ये अप्डेशन रन टाइम पर ही तुरंत दिखाई देगा | लाइव की गयी तहसील के खातों की नक़ल मोबाइल ऐप के द्वारा अथवा डायरेक्ट वेबसाइट खोलकर भी देखी जा सकेगी | तहसील प्रशासन को भी अब कोई डाटा अपलोड कराने की आवश्यकता नहीं होगी और नाही तहसील में किसी भी तरह के सर्वर का रख रखाव करना होगा | आगामी भविष्य में भू- नक़्शे से भी लिंक किया जायेगा तथा रजिस्ट्री कार्यालय से भी इसे जोड़ा जायेगा जिससे विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी | इसे आधार एवं बैंकों से भी लिंक किया जायेगा जिससे विभिन्न योजनाओं एवं मुआवजों हेतु आम नागरिकों को सुविधा होगी |

उद्‌घाटन के दौरान अपर जिलाधिकारी बी0एम0 मिश्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी समीर राजन, उप जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह कासगंज तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे |

कमिश्नर साहब उद्‌घाटन करते हुए, जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी साहब की उपस्थिति में |

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी
कासगंज, उ0प्र0 |

समीर राजन (प्रणाली विश्लेषक)
जिला सूचना विज्ञान अधिकारी
कासगंज, उ0प्र0 |